सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 91 | इंदौर, सोमवार 14 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सुबह छाया कोहरा, फिर खिली तेज धूप

### शहर में लगातार बदल रहा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में सोमवार सुबह से मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। अलसुबह खासा कोहरा और हल्की ठंड भी रही। फिर 8.30 बजे बाद फिर धीरे-धीरे कोहरा हट गया और धूप खिल गई। मौसम में हल्की ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार जताए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में लो प्रेशर एरिया के साथ मानसून ट्रफ की एक्टिविटी है। इस वजह से दक्षिण-पश्चिमी हवाएं नमी ला रही हैं और बारिश हो रही है। इंदौर में रविवार सुबह भी तेज धूप थी। इसके बाद 2 बजे मौसम बदलने लगा। इस दौरान 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली और बादल भी छा गए। इस दौरान कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई। इसके साथ ही गर्मी भी थी।

शाम 7 बजे बाद अलग-अलग क्षेत्रों में रिमझिम हुई। रविवार को दिन का तापमान 32.6 (0) डिग्री और रात का तापमान 23.8 (+3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके पूर्व शनिवार को दिन का तापमान 29.5 (-4) डिग्री और रात का तापमान 23.1 (+5) डिग्री सेल्सियस था। इस तरह दिन का तापमान सामान्य और रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा रहा। अभी दिन और रात में कुछ देर के लिए जो ठण्डक रहती है, वह बारिश के कारण है। एक से दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक लो प्रेशर एरिया डिप्रेशन में बदल गया है। वहीं, ट्रफ भी गुजर रही है। इस वजह से बारिश हो रही है। अगले 24 घंटे में प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

## जैन मुनि के खिलाफ मिथ्या आरोपों की निंदा

### परिवार 10 साल के लिए समाज से निष्कासित

**छतरपुर, (एजेंसी)।** छतरपुर जिले के घुवारा में जैन मुनि विशांत सागर महाराज से अभद्रता और मारपीट करने के आरोपितों को जैन समाज से 10 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह भी मुनादी करा दी गई है कि 10 साल के दौरान आरोपितों और उनके परिवार के किसी सदस्य में से कोई न तो समाज के बीच अच्छे या बुरे में बुलाएगा, न ही उनके यहां कोई जाएगा। यह निर्णय रविवार को सकल क्षेत्रीय जैन समाज और घुवारा जैन समाज की बैठक में लिया गया।

निर्णय की जानकारी सकल क्षेत्रीय जैन समाज की ओर से पत्र जारी करके समाजजनों के बीच साझा की गई है। इसमें कहा गया है कि वैद्य राजेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, जिनेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार एवं उनके पूरे परिवारजनों ने मुनि विशांत सागर महाराज पर मिथ्या आरोप लगाया। मुनि के साथ अभद्रता और मारपीट की। संपूर्ण जैन समाज इस कृत्य की निंदा करता है।

सर्वसम्मति से निर्णय कर आगामी 10 साल तक आरोपितों को जैन समाज से निष्कासित किया जाता है। ये और इनके परिवार के जो लोग सामाजिक व धार्मिक समिति में विभिन्न पदों पर हैं, उन्हें सभी समितियों से पृथक माना जाएगा।

# महिलाओं से अभद्रता पर विवाद, फायरिंग पथराव

### जमकर लाठी व पत्थर भी चले, दो बाइक व एक दुकान जलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शाजापुर। शाजापुर के ग्राम पनवाड़ी में 9 अक्टूबर को दो पक्षों में हुए विवाद ने रविवार को बड़ा रूप ले लिया। इस दौरान जमकर लाठी और पत्थर चले। एक पक्ष की तरफ से फायरिंग भी हुई। छर्रे लगने से एक युवक गंभीर घायल हो गया। दो अन्य युवक भी घायल हो गए। भीड़ ने दो बाइक और दुकान में आग लगा दी। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने एक पक्ष के 10 नामजद सहित अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में ग्राम रामनगर का सरपंच भी शामिल है।



9 अक्टूबर को रामनगर बंजारा डेरा के रामजी नायक और पनवाड़ी के लोगों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि रामजी मंदिर जाने वाली महिलाओं के सामने गाली-गलौज करता था। ग्रामीणों ने समझाया तो वह गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसके परिवार के सदस्यों ने भी पनवाड़ी में सभी लोगों को गालियां दीं। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद भी हुआ।

पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। इसके बाद रविवार को रामनगर बंजारा डेरा के सरपंच करण नायक के साथ 20-25 लोग पनवाड़ी पहुंचे। सभी लोग पवन राठौर के घर के सामने बोले- तुम लोगों ने हमारे साथ मारपीट की थी, अब सामने आओ। करण सिंह ने फायर किया। इसके छर्रे पवन की जांघ पर लगे। अंतर नायक ने भी फायर किया। तभी संतोष सिंह और अंकित बीच-बचाव करने आए तो इनके साथ भी मारपीट की गई। पवन को इंदौर रेफर किया है। मामले में नीतेश सिंह की रिपोर्ट पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा

गोली चलने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और पत्थर चलने लगे। इसी दौरान भीड़ ने गांव में स्थित एक दुकान में आग लगा दी। दो बाइक को भी जला दिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। एएसपी बघेल ने बताया कि गांव में स्थिति नियंत्रण में हैं।

# थाना परिसर में एएसआई ने खाई चूहामार दवा

### टीआई पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। जिले के कोलारस थाने में पदस्थ एएसआई ने रविवार शाम को थाना परिसर में जहर खाकर सुसाइड करने का प्रयास किया। तबीयत बिगडने के बाद एएसआई को इलाज के लिए कोलारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसआई ने टीआई पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने जांच की बात कही है। वहीं एएसआई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।**

थाने के भीतर किया सुसाइड का प्रयास

गुना निवासी राकेश पिता नाहर सिंह बंजारा (37) कोलारस थाने में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने रविवार शाम कोलारस थाने में चूहामार दवा खा ली। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल पुलिस वाहन से एएसआई बंजारा को अस्पताल में भर्ती कराया।

### टीआई पर लगाया प्रताडित करने का आरोप

यहां एएसआई राकेश ने आरोप लगाया कि उन्हें कोलारस थाना प्रभारी अजय जाट परेशान करते हैं। टीआई ने झूठी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। एएसआई ने बताया कि थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिलीप, अवतार और नरेश गलत काम करते हैं लेकिन, टीआई अजय जाट मुझे प्रताडित करते हुए कार्रवाई की धमकी देते हैं। लगातार परेशान करते हैं।

# धुआं मशीन से फॉगिंग कर रहा है निगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में डेंगू ने नगर निगम की चिंता बढ़ा दी है। अब तक बड़ी संख्या में डेंगू के पेशेंट सामने आ चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रत्येक जोन क्षेत्र में धुआं मशीन से फॉगिंग की जा रही है। मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए शहर में लावार्नाशक और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।**



महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार निगम मलेरिया विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर के अलग-अलग स्थानों पर बैक लाईन, नाली, खाली प्लाट, चेंबर आदि जगहों पर लावार्नाशक और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक जोन क्षेत्र में धुआं मशीन से फॉगिंग की जा रही है।

अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशन में लार्वा नाशक दवा/कुड ऑईल का छिड़काव किया गया, जिसमें पंचम की फेल ,अमर टेकरी ,मालवा मील, काजी की चाल, मनोरमा गंज, छावनी, शंकर बाग, कलाली मोहल्ला साई बाबा नगर, ग्वाला कॉलोनी, प्रजापत नगर गुरुकुल स्कूल, पिपलिया कुमार पंडाल, अखंड नगर, खातीवाला टैंक, इंदिरा नगर, कुंदन नगर पंडाल, जबरन कॉलोनी, हरसिद्धि मंदिर, संचार नगर, चेतन नगर, मंगल स्टेट नगर, शिव खंड नगर, गरबा पंडाल, स्कीम नंबर 54 मेघदूत नगर माली मोहल्ला, मारुति नगर, शिवाजी नगर, मल्हार आश्रम, तुलसी नगर, न्याय नगर, अमितेश नगर, मां विहार कॉलोनी, रेडियो कॉलोनी ,रेसीडेंसी कोठी, डीआरपी लाइन रहवासी क्षेत्र की बैंक लाईन, नाली, खाली प्लॉट, चेम्बर आदि जगहों पर लार्वा नाशक दवाई का छिड़काव किया गया। निगम द्वारा रोजाना वार्डों में बेक लाईन, नाली, खाली प्लॉट, चेंबर आदि जगहों पर लार्वा नाशक दवाई का छिड़काव और धुआं मशीन से फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है।

## महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर देवी दुर्गा को विदाई दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बंगाली क्लब परिसर में आज सुबह बहुत ही भावुक वातावरण हो गया जब समाज की महिलाओं ने पहले देबी दुर्गा मां को सिंदूर लगाया और बाद में एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर नम आंखों से देबी दुर्गा को विदाई दी । यह जानकारी देते हुए सार्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के को -सेक्रेटरी आशीष बैनर्जी और दिवाकर चक्रवर्ती ने बताया कि षष्ठी को जब देबी दुर्गा मां अपने पीहर आई थी तो संपूर्ण वातावरण में खुशियां ही खुशियां छा गई थी ,लेकिन आज जब देबी मां की बिदाई हुई तो सबकी आंखें और गला भर आया। बिदाई के पल ही कुछ ऐसे होते हैं। रविवार को सिंदूर खेला के बाद दोपहर को देबी मां का विसर्जन जुलूस निकाला और शाम को शांति जल और मिठाई वितरण हुआ और बिजोई सम्मेलनीय के साथ 96वे शारदा उत्सव का समापन हो गया।

## जय माता दी की गूंज के बीच हुआ कन्या पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समाजसेवी गुलशन यादव के निवास पर विजयादशमी पर कन्या पूजन एवं भोज में देवी स्वरूपा कन्याओं ने भाग लिया। महा नवरात्री पर्व को साकार करते हुए बाणगंगा में युवा समाजसेवी गुलशन यादव के निवास पर कन्या पूजन एवं भोज में देवी स्वरूपा कन्याओं ने भाग लिया। उपहार और स्नेह के साथ नन्ही कन्याओं का पूजन किया गया और जय माता दी से वातावरण गूंज उठा। वास्तविक रूप में, देवी की, आराधना, और पूजन, के इस कार्यक्रम में देवी स्वरूपा कन्याओं ने हृदय से आशीर्वाद दिया। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी शक्ति में भक्ति के पर्व की आराधना करते हुए नवरात्रि पर कन्याओं ने गरबा उत्सव में भाग लिया। और तत्पश्चात युवा समाजसेवी गुलशन यादव के बाणगंगा निवास परिसर में कन्याओं ने मां शक्ति के गीतों पर भक्ति वातावरण में गरबा नृत्य किया। युवा समाजसेवी गुलशन यादव ने पूजन विधि विधान से कर माता पिता के साथ कन्याओं का पूजन किया। सभी देवी स्वरूपा कन्याओं ने फिर प्रसाद ग्रहण किया।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चेहरे खिले और सखियां हुई भावुक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अग्रवाल समाज, महिला प्रकोष्ठ द्वारा अपने लव यू जिदंगी कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को बुजुर्गों के साथ मेल-मिलाप, डांस, गायन, शायरी और उनके मन की बातें सुनने का अनूठा आयोजन एरोड्रम के सामने स्थित राजशांति आशियाना नामक वृद्धाश्रम पर आयोजित किया गया। प्रकोष्ठ की सखियों ने वहां रहने वाले बुजुर्गों से जीवन के इस मुकाम पर उनके विचार भी सुने और उपहार में मिठाई, नए वस्त्र, किताबें, एवं उनकी छोटी-मोटी जरूरतों की पूर्ति करते हुए उनके आशीर्वाद भी प्राप्त किए। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने बताया कि करीब सवा सखियां जब दोपहर को आश्रम पहुंची, तब वहां रहने वाले बुजुर्ग अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे। त्योहार की इस बेला में उनके एकाकीपन को सखियों ने इन पंक्तियों के साथ दूर करने का प्रयास किया क्यों कहते हो, कुछ बेहतर नहीं होता, सच तो यह है कि जैसा चाहो वैसा नहीं होता, कोई साथ न दे तो गम न कर, दुनिया में खुद से बड़ा कोई हमसफर नहीं होता ... । इस अवसर पर श्रीमती रेखा सुराना के आतिथ्य में गरिमा गुप्ता, तिलोत्तमा बंसल, राखी मित्तल, रिम्पल अग्रवाल, मीना गर्ग, संगीता पाटनी आदि ने बुजुर्गों का स्वागत किया। अध्यक्षता प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा मित्तल ने की। संचालन किया अंजलि अग्रवाल ने और आभार माना गरिमा गुप्ता ने।

## करवा चौथ उजमन महोत्सव में 20 को अनेक स्पर्धाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फूलमाली सैनी समाज छावनी के तत्वाधान में रविवार 20 अक्टूबर को समाज की महिलाओं के लिए सामूहिक करवा चौथ उद्यापन का रंगारंग आयोजन सांय 7.30 बजे से छावनी नसिया रोड स्थित मोदी परिसर पर रखा गया है। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी एवं मंत्री मनोहर सैनी ने बताया कि इस अवसर पर भजन संध्या भी होगी और महिलाओं के लिए अन्य धार्मिक दिलचस्प स्पर्धाएं भी रखी गई हैं। शामिल होने वाली महिलाओं को अपने पतिदेव के साथ आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर चांद देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। महोत्सव में शामिल होने के लिए रोशनी सैनी से हार्डिया कम्पाउंड, अंजू सैनी से चितावद, हेमलता सैनी से छोटी ग्वालटोली एवं मुक्ता सैनी से पंचशील नगर पर संपर्क कर अपना पंजीयन कराया जा सकता है। सभी महिलाओं को भोजन के लिए 15 पास और 15 गिफ्ट भी दिए जाएंगे। संगठन के उपाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, उपमंत्री मोहनलाल इकदैया, कोषाध्यक्ष सतीश सैनी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी समाजबंधुओं से उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

## आईपीएस अकादमी एबाहा में आल इंडिया ओवरऑल विनर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एआरएआई, पुणे में आयोजित एबाहा-2024 प्रतियोगिता में टीम आईपीएस स्प्रिंटर ने आल इंडिया में ओवरऑल विनर बन कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।**

एबाहा में ऐसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं जो वास्तविक दुनिया की इंजीनियरिंग डिजाइन परियोजनाओं और उनसे संबंधित चुनौतियों का अनुकरण करती हैं। इंजीनियरिंग के छात्रों को आटोमेटिक ऑफ-रोड वाहन डिजाइन करने और बनाने का काम सौंपा जाता है जो उबड़-खाबड़ इलाकों की कड़ी सजा से बच सकें। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के अलावा, टीम को ओवर ऑल फिसिकल डायनेमिक, रिमोट ड्राइव सिस्टम का पहला पुरस्कार,




बिजनेस प्रेजेंटेशन इवेंट, डिजाइन प्रेजेंटेशन इवेंट में दूसरा पुरस्कार मिला है ।

**आल इंडिया रेंक 2:** डिजाइन प्रेजेंटेशन इवेंट में आईपीएस स्प्रिंटर के संकाय सलाहकार राहुल शर्मा को पूरे प्रतियोगिता में उनके मार्गदर्शन, समर्थन और कड़ी मेहनत के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला है। इस उपलब्धि पर आईपीएस अकादमी के अध्यक्ष अचल चौधरी , उपाध्यक्ष श्री योगेंद्र जैन और डॉ.अर्चना कीर्ति चौधरी ने बधाई दी।

## सतहत्तर वर्षों से चल रही परंपरा वाले रामायण पारायण की पूर्णाहुति

**इंदौर।** छत्रीबाग रामद्वारा पर 77 वर्ष पूर्व संत पं. लक्ष्यराम महाराज द्वारा स्थापित प्रेरणा के अनुरूप इस वर्ष भी नवरात्रि में नौ दिवसीय रामचरित मानस का पारायण ताल-रतलाम से पधारे संत हरशुकराम महाराज के सानिध्य में चल रहा था, जिसकी पूर्णाहुति शुक्रवार सुबह संपन्न हुई। रामद्वारा के ट्रस्टी देवेन्द्र मुछाल एवं रामसहाय विजयवर्गीय ने बताया कि यह अनुष्ठान 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों भक्तों ने एक साथ बैठकर, एक स्वर में नवान्ह रामायण पारायण का गायन किया। प्रतिवर्ष इस अनुष्ठान में शामिल होने वाले भक्तों को रामचरित मानस रामद्वारा से ही उपलब्ध कराई जाती है और वर्ष में आने वाली दोनों नवरात्रि पर यह अनुष्ठान चलता है। आज पारायण की पूर्णाहुति पर पंकज मिश्र, वास्दुव सोलंकी, श्याम भूतड़ा, विनोद ठाकुर, सुनेरसिंह ठाकुर, राजेन्द्र असावा एवं नरेन्द्र भोजने सहित सैकड़ों श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। इसके साथ ही राम नाम लेखन की पुस्तिकाएं भी निशुल्क वितरित की गई।

## विश्व गठिया रोग दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हमारे शरीर की क्षमताएं असीमित है। शरीर वह सब कुछ करने की क्षमता रखता है, जो आपका दिमाग उससे करने के लिए कहता है इसलिए अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए बस आपको एक बार दृढ़ निश्चय करने की जरूरत है। विश्व गठिया रोग दिवस के अवसर पर इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एमजीएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात ऑर्थराइटिस पर विजय प्राप्त कर चुकी मैनेजमेंट प्रोफेशनल इशिता ने कही।

कार्यक्रम के दौरान अन्य रोगियों के मन में आशा की किरण जगाने के लिए उन्होंने अपनी कहानी शेयर की। उन्होंने कहा कि कम उम्र में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मैं वेंटीलेटर तक चली गई थी। मेरी मेडिकल कंडीशन के कारण मेरा वजन काफी बढ़ गया था पर अपने 25 वें जन्मदिन पर मैंने तय किया कि अब मैं अपने जीवन को बेहतर बनाऊंगी। जिम जाने के साथ ही मैंने मैराथन में हिस्सा लेना शुरू किया। एक साल में मैंने न सिर्फ अपना 30 किलो वजन कम किया बल्कि पिछले दिनों में लद्दाख मैराथन भी पूरा करके आई, जो उस क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी के कारण काफी कठिन माना जाता है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.काव्या रावत ने कहा गंभीर बीमारियाँ जैसे रूमेटाइड आर्थराइटिस न केवल मरीज पर बल्कि उनके परिवार पर भी गहरा प्रभाव डालती हैं। इस बीमारी का स्वभाव मरीज को मानसिक बीमारियाँ जैसे चिंता और अवसाद विकसित करने के प्रति संवेदनशील बना देता है। बीमारी के स्वभाव को स्वीकार करना और इसे सही तरीके से समझना जरूरी है। साथ ही यह याद रखना भी महत्वपूर्ण है कि आपकी पहचान आपकी बीमारी से परे भी है। उन गतिविधियों में भाग लें जो आपको दर्द से विचलित करने में मदद करती हैं। अगर आपको लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, तो मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेने में संकोच न करें।

# लापता छात्रा अलीगढ़ से बरामद, युवक गिरफ्तार

## 10 दिन पहले सहेली से मिलने का बोलकर निकली थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने 10 दिन पहले लापता छात्रा को अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। पांच पुलिसकर्मियों की टीम ने लगातार पांच दिनों तक लोकेशन ट्रैक कर आरोपी का पीछा किया। पुलिस का कहना था कि आरोपी और छात्रा की मोबाइल लोकेशन लगातार बदल रही थी।**

इसके चलते दोनों को ट्रेस करने में परेशानी आ रही थी। छात्रा को शनिवार को अलीगढ़ में बरामद किया गया। इससे पहले दोनों की लोकेशन दिल्ली में मिली थी। लेकिन जब पुलिस वहां पहुंची तब तक आरोपी अलीगढ़ पहुंच चुका था। शनिवार को पुलिस ने अलीगढ़ में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। रविवार शाम पुलिस छात्रा और आरोपी युवक को इंदौर लेकर पहुंची। उसका मेडिकल नहीं कराया है। उसके बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

19 साल की छात्रा के पिता ने 2 अक्टूबर को बाणगंगा पुलिस से बेटी के लापता होने की शिकायत की थी। पिता ने कहा कि बेटी अपनी सहेली के साथ कुछ देर में आने का कहकर निकली थी, लेकिन चौबीस घंटे बाद भी घर नहीं पहुंची। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर करीब 20 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले। एक सीसीटीवी में छात्रा अपनी सहेली के साथ जाती दिखी। लेकिन उसी सीसीटीवी में कुछ देर बाद सहेली अकेले ही लौटती हुई दिखाई दी। इसके बाद परिवार ने सहेली से पूछा तो उसने बताया कि उसे शाहरुख नाम का युवक अपने साथ ले गया है।

इसके बाद परिवार ने सोशल मीडिया से शाहरुख के फोटो-वीडियो और मोबाइल नंबर निकालकर पुलिस को सौंपे। पुलिस ने शाहरुख और छात्रा के मोबाइल की लोकेशन ट्रैक करना शुरू कर दी। पुलिस को उनकी लोकेशन दिल्ली में मिली, जब पुलिस वहां पहुंची तो आरोपी शाहरुख छात्रा को वहां से लेकर जा चुका था। पुलिस ने फिर लोकेशन ट्रेस की तो वे अलीगढ़ में मिले। उप्र पुलिस की मदद से दोनों की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस शाहरुख तक पहुंच गई। उसके पास से छात्रा को बरामद कर पिता को सौंप दिया। पिता ने बताया कि उप्र में पुलिस की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रविवार शाम को इंदौर पहुंचे।

# कर्मचारी ने ही चुराए ज्वेलरी शॉप से 8 मंगलसूत्र, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजी रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर कार्यरत एक कर्मचारी ने शॉप से 25 तौला वजनी के 8 मंगलसूत्र चुरा लिए। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी के बाद से कर्मचारी फरार है। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार पंजाब ज्वेलर्स के मैनेजर हिमांशु जैन ने प्रबंधक नरेन्द्र त्रिपाठी के साथ थाने पर आकर कर्मचारी प्रदीप कटारा पिता दौलतराम कटारा नि. भरतपुर राजस्थान के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है।**

हिमांशु ने पुलिस को बताया कि मैं एमजी रोड स्थित शॉप पर स्टॉक मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं। शाम को स्टॉक से गहनों का मिलान मैं ही करता हूं। शनिवार रात 10 बजे के आसपास जब मैं स्टॉक से गहनों का मिलान कर रहा था तो उसमें से 22 कैरेट की शुद्धता वाले सोने के 8 मंगलसूत्र करीबन 25 तौला वजन के गायब थे। काफी छानबीन करने के बाद भी जब गहने नहीं मिले तो मैंने व मैनेजर नरेन्द्र त्रिपाठी व अन्य सहकर्मी ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो हमने पाया कि शुक्रवार रात करीबन 9.30 बजे हमारे स्टोर पर काम करने वाला प्रदीप कटारा आया और स्टोर रूम में रखे हुए सोने के आभूषणों की ट्रे में से सोने के मंगलसूत्र चुराकर ले गया। हमने उसकी जानकारी निकाली तो पता चला कि वह अगले दिन स्टोर पर काम करने ही नहीं आया था। आरोपी प्रदीप सेक्शन इंचार्ज की पोस्ट पर काम कर रहा था। पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

# बीच सड़क पर युवती से मारपीट

## एमपी ऑनलाइन शॉप में की तोड़फ़ोड़ युवक समेत दो पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में एमपी ऑनलाइन शॉप चलाने वाली युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दुकान में रखे सामान में भी तोड़फ़ोड़ की। घायल युवती को इलाज के लिए एमवाय में भर्ती करवाया गया है।**

पुलिस के मुताबिक, शिवानी मीना निवासी शीतल नगर की शिकायत पर पुलिस ने हर्ष साहू और ज्योति साहू पर मारपीट करने और तोड़फ़ोड़ करने मामले में केस दर्ज किया है। शिवानी कुमीं ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि, एक दिन पहले मैं कुशवाह नगर में अपनी एमपी ऑनलाइन शॉप पर बैठी थी। तब ही शाम 5 बजे ज्योति और उसका बेटा हर्ष अश्लील शब्द कहते हुए अंदर घुसे। उन्होंने दुकान में रखा कम्प्यूटर तोड़ दिया। उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद दोनों मेरा हाथ खींचकर सडक़ पर लेकर आए और बुरी तरह पीटने। आसपास के लोंगो ने बीच-बचाव किया। शिवानी ने बताया कि, आरोपियों से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। मैंने कुछ रुपए ज्योति से लिए थे। उसे ही लेकर वह दुकान पर पहुंची थी।

# फिर दिखा टाइगर, वन विभाग ने गश्त बढ़ाई

## ग्रामीणों के जंगल में जाने पर लगाया प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मलेंडी, मानपुर, आशापुरा और बड़गोंदा क्षेत्र में बाघ फिर नजर आने के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। पिछले साल जब बाघ नजर आया था तो ठंड का सीजन था। मानसून अभी-अभी बीता है और जंगलों में 5 से 6 फीट ऊंची घास दिख रही है। बाघ आसानी से नजर भी नहीं आ रहा। ग्रामीण मवेशियों को लेकर जंगल में घास खिलाने ले जा रहे हैं। मलेंडी, आशापुरा, नंदलाई घाटी में वनकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। ग्रामीणों को जंगल जाने से रोका जा रहा है। बाघ के अलावा तेंदुआ भी इन इलाकों में शिकार कर रहा है। बाघ के द्वारा अभी तक केवल मलेंडी में एक बछड़े का शिकार करने का मामला सामने आया है, जबकि तेंदुए ने महू, मानपुर और चोरल रेंज के जंगलों में इस मानसून में ही 28 शिकार किए हैं। वहीं वन विभाग की नर्सरियों में भी प्रवेश बंद कर दिया है। पौधारोपण का सीजन खत्म हो चुका है। अनावश्यक लोग नर्सरी में घूमने आते हैं। वन विभाग को डर है कि एक बार बाघ ने इंसान का शिकार कर लिया है। वन क्षेत्र और नर्सरी का एरिया आपस में जुड़ा हुआ है।

### पीपल चौक में नवरात्रि महोत्सव

# भक्ति और सांस्कृतिक समागम





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवरात्रि के पावन पर्व पर पीपल चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ हुई, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था।**



संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। स्थानीय कलाकारों ने गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे दर्शकों ने आनंदित होकर तालियाँ बजाईं। खासतौर पर युवाओं ने इस अवसर पर गरबा करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे माहौल जीवंत हो उठा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माता दुर्गा की पूजा-अर्चना थी, जिसमें शहर के प्रमुख धार्मिक नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान विशेष हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। आयोजकों ने बताया कि इस नवरात्रि महोत्सव का उद्देश्य लोगों में धार्मिक भावनाओं को जागृत करना और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है।

इसके अलावा, कार्यक्रम में भजन-संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। भक्तों ने जय माता दी के जयकारों के बीच श्रद्धा भाव से भजन गाए। यह समागम न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग एक साथ आए। स्थानीय प्रशासन ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सहयोग दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

कार्यक्रम के अंत में भंडारा भी आयोजित किया गया, जिसमें हजारों भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस महोत्सव ने न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रकट किया, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी फैलाया।

इस प्रकार, पीपल चौक का यह नवरात्रि महोत्सव इंदौरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव बना, जो भक्ति, संस्कृति और एकता का प्रतीक रहा।

# स्क्रेप सहित 3 दुकानें जलीं पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा इलाके में एक स्क्रेप सहित तीन दुकानों में आगजनी का मामला सामने आया है। देर रात दुकानदार ने आग लगाने के आरोप लगाए थे। जिसमें पुलिस को एक सीसीटीवी मिला है। इसमें बाइक से आए एक युवक आग लगाते दिख रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्क्रेप दुकान सतीश कुमावत की है। इलाके में नशा करने वाले अर्जुन नायक नाम के बदमाश पर आरोप लगाया है। सतीश का आरोप है कि, अर्जुन ने नशे के लिए रुपए मांगे थे, नहीं देने पर आगजनी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात पर आगजनी को लेकर केस दर्ज किया है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के मुताबिक यहां पर बहादुर नाम के व्यक्ति की चाय की दुकान है और नरेन्द्र परिहार की ढाबे को भी आग से नुकसान हुआ है।

# मां-भाई को बेहोश कर बॉयफ्रेंड के साथ भागी नाबालिग

## आलू के पराठों में मिलाई थीं नींद की गोलियां, 6 दिन पहले हुई थी सगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**ग्वालियर, (एजेंसी)।** ग्वालियर में मां-भाई और बहन को बेहोश कर एक नाबालिग छात्रा बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई। 6 दिन पहले ही उसकी सगाई तय हुई थी, घटना के पहले नाबालिग ने पूरी प्लानिंग की थी। रात में सभी को आलू के पराठे बनाकर खिलाए। आलू के मसाले में नींद की गोलियां मिलाकर खिलाई गई थीं। रविवार सुबह परिजन की नींद खुली तो उनका सिर चकरा रहा था। घर में सामान बिखरा पड़ा था। 17 साल की बेटी गायब थी।

### नकदी और गहने लेकर भागी नाबालिग

जब परिजनों ने देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी। अलमारी से पुश्तैनी गहने, एक लाख रुपए कैश भी गायब थे। घटना शहर के गोला का मंदिर नारायण विहार में शनिवार-रविवार दरमियानी रात की है। नाबालिग का दोस्त भी गायब है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

### सुबह जल्दी उठने वाले, रविवार देर तक सोते रहे

शहर के गोला का मंदिर नारायण विहार में एक परिवार रहता है। परिवार का मुखिया दिल्ली में किसी कॉल सेंटर में कैब ड्राइवर है। यहां उसकी पत्नी, बेटा, दो बेटियां रहते हैं। बड़ी बेटी 17 वर्षीय है, जो कक्षा 12वीं की छात्रा है। रविवार सुबह जब परिजन जागे तो काफी देर हो चुकी थी। वैसे वह सुबह 7 बजे तक नींद से जाग जाया करते थे लेकिन रविवार सुबह 9.30 बजे उनकी नींद खुली। परिवार के सभी सदस्यों का सिर चकरा रहा था।

मां ने देखा तो पूरा परिवार वहां था लेकिन 6 दिन पहले जिस नाबालिग बेटी की सगाई उन्होंने की थी, वह घर में कहीं नजर नहीं आ रही थी। अंदर जाकर देखा तो रूम में अलमारी खुली पड़ी थी, उसमें से पुश्तैनी गहने, 1 लाख रुपए कैश गायब थे। इसके बाद उनको समझने में देर नहीं लगी कि उनकी बेटी रात को घर से भाग गई है। महिला ने सबसे पहले अपने पति को मामले की सूचना दी। इसके बाद गोला का मंदिर थाना पहुंचे। यहां पुलिस ने स्पॉट पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सभी को खिलाए थे आलू के पराठे, खुद नहीं खाए

छात्रा की मां ने बताया कि उनकी बेटी ने ही शाम का खाना बनाया था, जिसमें आलू के आलू के पराठे बनाए थे। सभी को बहुत प्यार से खाना खिलाया लेकिन उसने खुद पराठे नहीं खाए थे। उस समय तो मां को यह बात सामान्य लगी थी।

### बॉयफ्रेंड भी अपने घर से गायब

बेटी के घर पर न मिलने के बाद कुछ ही दूरी पर रहने वाले उस लड़के के घर परिजन पहुंचे, जिसके साथ कुछ दिन पहले तक उनकी बेटी का प्रेम प्रसंग था। पता लगा कि बेटी का प्रेमी मोहनसिंह निवासी गोला का मंदिर भी अपने घर से गायब है। परिजन ने बताया कि उनकी बेटी की उम्र लगभग 17 साल है। छात्रा की मोहरसिंह से एक साल से दोस्ती थी। एक माह पहले मां ने बेटी को मोहरसिंह से मोबाइल पर बात करते पकड़ लिया था। उसका घर से निकलने के साथ ही स्कूल बंद करा दिया था।

### 6 दिन पहले हुई थी सगाई

बेटी के प्रेम प्रसंग के चलते ही उसकी मां ने उसकी मुरार निवासी एक युवक से सगाई कर दी थी। छह दिन पहले (बीते सोमवार) उसकी सगाई का समारोह था। सगाई करते समय बेटी से पूछा था तो वह भी सब कुछ भूलकर सगाई के लिए तैयार थी। पर यह नहीं पता था कि उसके मन में क्या चल रहा है। सीएसपी अशोक जादौन ने बताया- मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की दो टीमें छात्रा की तलाश के लिए इलाके के साथ ही स्टेशन और बस स्टैंड के सीसीटीवी खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। मामले की शिकायत आई है। हम जांच कर रहे हैं। जांच में जो तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। छात्रा का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के संदिग्ध की उज्जैन में सर्च

## इनपुट पर मुंबई पुलिस ने डाला डेरा; मूसेवाला हत्याकांड में भी पड़ी थी रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**उज्जैन ,(एजेंसी)।** मुंबई में एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस में उज्जैन कनेक्शन की आशंका है। मुंबई क्राइम ब्रांच उज्जैन पहुंची है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को पूछताछ में उज्जैन के किसी संदिग्ध के हाथ होने का इनपुट मिला है। टीम इसी संदिग्ध को पकड़ने के लिए रविवार सुबह से उज्जैन में डेरा डाले हुए है। लॉरेंस गैंग का कनेक्शन खंगालने के लिए टीम छापेमारी कर रही है। करीब दो साल पहले नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने उज्जैन के नागदा में छापेमारी की थी। टीम ने नागदा से योगेश भाटी और राजपाल चंद्रावत को उठाया था। हरियाणा के बदमाश दीपक रमदा ने मोहाली (पंजाब) में इंटेलिजेंस के ऑफिस पर रॉकेट लॉन्चर दागा था। दीपक को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। उसने ही पूछताछ में दोनों के नाम बताए थे। योगेश का नाम पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी आया था। इनपुट मिला था था कि इस हत्याकांड के आरोपियों ने नागदा में योगेश के घर फरारी काटी थी।

# प्रदेश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी

## 5 खूबसूरत जगहें सबसे पसंदीदा टूरिस्ट प्लेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बात यह है कि सैलानियों को वन्यजीव स्थल पसंद आ रहे हैं। इस साल प्रदेश के कान्हा, बांधवगढ़ और पेंच राष्ट्रीय उद्यान विदेशी पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरे हैं। पिछले साल की तुलना में तीनों उद्यानों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। दूसरी ओर मैहर और उज्जैन जैसे धार्मिक स्थलों की ओर विदेशी पर्यटकों का रुझान नहीं है।

पर्यटन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक तीनों उद्यानों में वर्ष 2023 में कुल मिलाकर 47 हजार 136 विदेशी पर्यटक आए थे, जबकि इस साल के पहले पांच महीनों (जनवरी-मई 2024) में ही 40 हजार 634 विदेशी पर्यटक आ चुके हैं। जनवरी-मई 2023 की अवधि में यह संख्या 34 हजार 300 थी। इस साल मई तक राज्य का दौरा करने वाले 91 हजार विदेशियों में से लगभग 45 फीसदी ने इन राष्ट्रीय उद्यानों का दौरा किया है। वर्ष 2023 की जनगणना में राज्य में गिने गए सात सौ 45 बाघों में से 135 का घर बांधवगढ़ विदेशी पर्यटकों का शीर्ष गंतव्य है। 2023 में लगभग 22 हजार विदेशियों ने राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया था, जबकि शुरूआती पांच महीनों में यह संख्या 16 हजार 600 थी। इस साल पहले पांच महीनों में इनकी संख्या लगभग 20 हजार को छू गई है।

इसके बाद कान्हा का स्थान है, जिसमें 105 बाघ हैं। पिछले साल लगभग 16 हजार विदेशियों ने कान्हा का दौरा किया था (जनवरी-मई 2023 तक 11 हजार 915), जबकि इस साल मई तक यह संख्या 13 हजार को पार कर गई है।

# आरोपी के बेटे ने कहा था- तुझे खत्म कर दूंगा

## छेड़छाड़ पीड़िता को जिंदा जलाने की कोशिश की, परिवार बोला- ये कैसा न्याय है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**खंडवा, (एजेंसी)।** खंडवा में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली पीड़िता को जिंदा जलाने की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को दिए बयान में कहा कि छेड़छाड़ करने वाले आरोपी के बेटे ने बदले की भावना से उस पर पेट्रोल से भरी बोतल उड़ेलकर आग लगा दी। आग से पीड़िता का चेहरा, गला, हाथ और शरीर के कई हिस्से झुलस गए हैं।

फिलहाल पीड़िता इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती है। जिला अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उसने पुलिस से माता-पिता को बुलाने को कहा। परिजन से बात करने के बाद पीड़िता ने नायब तहसीलदार (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) परवीन अंसारी को बयान दिए। इसी आधार पर कोतवाली पुलिस ने अर्जुन पिता मांगीलाल के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को दिए बयान में कहा

जिस मांगीलाल ने मेरे साथ जबरदस्ती की कोशिश की, उसी के बेटे अर्जुन ने धमकाया कि तूने मेरे बाप को अंदर कराया है, मैं तुझे खत्म कर दूंगा। वो एक बोतल पेट्रोल लाया और मुझ पर उड़ेलकर आग लगा दी। हालांकि पहले ये बात सामने आई थी कि आरोपी को जमानत मिलने से आहत होकर पीड़िता ने अपनी जान देने की कोशिश की थी।

### पहले सुसाइड अटेम्प्ट करने की बात सामने आई थी

टीआई अशोक सिंह चौहान के मुताबिक आग से झुलसी 18 वर्षीय पीड़िता को शनिवार सुबह 10 बजे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में एडमिट किया गया था। परिजन से शुरूआती जानकारी मिली थी कि उसने सुसाइड अटेम्प्ट किया है। जब पीड़िता के बयान हुए तो उसने बताया कि छेड़छाड़ के आरोपी मांगीलाल के बेटे अर्जुन ने पेट्रोल डालकर आग लगाई है।

### पिता बोले- क्या कुछ हुआ मुझे पता नहीं

बातचीत में पीड़िता के पिता ने कहा कि घटना के कुछ देर पहले ही वो घर पहुंचे थे। खाना पका रही पत्नी से पूछा कि छोटी लड़की कहां है, उसने कहा कि वो भी काम में लगी है। इतने में मेरी बेटी दौड़ती हुई मेरे पास आई, वो आग में झुलसी हुई थी। उसकी पीड़ा देख मैं तो बदहवास हो गया।

परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। फिर मैं भी अस्पताल पहुंचा। बाकी क्या कुछ हुआ मुझे पता नहीं। अभी मैं इंदौर में हूं, मेरी बेटी जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। वहीं, आरोपी मांगीलाल की पत्नी ने आरोप लगाया कि मेरे बेटे ने उसे नहीं जलाया। वह बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

### आरोपी ने रेप का प्रयास किया, लात मारकर भागी थी

जानकारी के मुताबिक 7 अक्टूबर को मांगीलाल युवती को खेत ले गया था। वहां उसके हाथ बांधकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने पहले उसे लात मारकर दूर फेंका और फिर जान बचाकर भागी। परिजन को आपबीती बताई। इसके बाद थाने में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया।

आरोपी मांगीलाल को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। यहां से उसे जमानत मिल गई। गुस्साए आरोपी और उसके परिवार ने युवती और उसके परिजन को धमकी देते हुए कहा था- पुलिस ने भी क्या बिगाड़ लिया हमारा। अब तुझे गांव में रहने नहीं देंगे। बदनाम कर देंगे और तुझे मार देंगे।

### एसपी से कहा था- मैं तो बदनाम हो गई, ये कैसा न्याय

आरोपी को कोर्ट से जमानत मिलने पर पीड़िता ने 9 अक्टूबर को एसपी से शिकायत की थी। कहा था- केस दर्ज कराकर मैं बदनाम हो गई और आरोपी केवल 24 घंटे ही सलाखों के पीछे रहा। ये कैसा न्याय है? एसपी से शिकायत कर घर पहुंचे तो अगले दिन यानी 10 अक्टूबर को आरोपी मांगीलाल और उसके परिजन ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता का वीडियो बनाने लगे।

## तीन नाबालिगों का रस्सी से बांध जुलूस निकाला

# लोगों ने पिटाई कर पुलिस के हवाले किया मिर्च व्यापारी के रुपए चुराने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**छतरपुर, (एजेंसी)।** छतरपुर में रविवार सुबह करीब 9 बजे नाबालिगों के हाथ बांधकर जुलूस निकालने का मामला सामने आया। भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने बच्चों के साथ मारपीट भी की। इस दौरान नाबालिग रोते बिलखते रहे। बताया गया है कि बच्चों ने चोरी करने का संदेह था। घटनाक्रम जिले के हरपालपुर की पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र का है।

**चोरी करना पाप है के नारे लगवाए-** तीनों नाबालिगों के हाथ-कमर बांध कर पैदल जुलूस निकाला गया। भीड़ ने चोरी करना पाप हैं के नारे भी लगवाए। बताया गया है कि काफी समय से स्थानीय सब्जी मंडी में जेब काटने, मोबाइल चोरी की घटना हो रही थी। सूत्रों के अनुसार, इन नाबालिगों को एक मिर्ची व्यापारी धर्मेन्द्र राजपूत की जेब से नोटों की गड्डी निकालते रंगे हाथ पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि तीनों नाबालिग पुरानी गल्ला मंडी में सब्जी व्यापारी के पैसे लेकर भाग रहे थे, तभी मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। जुलूस निकालते हुए उन्हें थाने ले गए और पुलिस को सौंप दिया। **बच्चों के खिलाफ केस दर्ज-** टीआई पुष्पक शर्मा का कहना है, मिर्ची व्यापारी धर्मेन्द्र राजपूत की शिकायत पर बच्चों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# संपादकीय


## यहां भाजपा की कसरत बेकार गई

देखा जाए तो अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार चुनाव हुए। जिसमें बीजेपी का जलवा कायम रहा, जबकि वह सरकार बनाने में सफल नहीं हो पाई। अतीत पर नजर डालें तो जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार वर्ष 2014 में चुनाव हुए थे। वहां पर साल 2014 तक नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री थे। लेकिन 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद वहां बीजेपी और पीडीपी गठबंधन ने सरकार चलाई। इसी बीच 2019 में वहां से अनुच्छेद 370 को हटाया गया और उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। तब से वहां उपराज्यपाल शासन लागू है। उसके बाद अब जाकर साल 2024 में यहां चुनाव हुए, जिसमें तीन पीढ़ियों से यहां की सत्ता चला रहे अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। घाटी में उनकी तूती बोलती है, इसलिए वहां उन्हें काफी सीटें मिलीं। हां, जम्मू के हिंदुओं ने बीजेपी को जमकर वोट दिया और अपनी राष्ट्रवादी भावनाओं का खुलकर इजहार किया। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि आतंक के साए के बीच 10 साल बाद फिर से जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। इससे पहले 2014 से 2024 के बीच 10 साल में जम्मू-कश्मीर का पूरा राजनीतिक परिदृश्य ही बदल गया। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कश्मीर घाटी की राजनीतिक हवा ही पूरी तरह से बदल गई। केंद्र शासित प्रदेश के नए स्वरूप में आने वाले इस राज्य में आखिरकार 2024 में फिर से विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा। और जब जम्मू व कश्मीर के चुनाव परिणाम आए तो नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिला। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम एक बार फिर सबको चौंका दिए। यहां भाजपा की कसरत बेकार गई और कांग्रेस की फितरत नेशनल कांफ्रेंस के सहारे बाजी मार ले गई। कहने का तातपर्य यह कि ताजा चुनाव परिणाम से जहां एक ओर पाकिस्तान-चीन परस्त स्थानीय सियासत को हवा देने वाली कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेस के देशद्रोही एजेंडे को सुकून मिली है, वहीं सूबे में भारतीयता की अलख जगाने वाली भाजपा की राष्ट्रवादी सियासत के ऊपर चिंता की कुछ नई लकीरें खींच दी हैं, जिन्हें समय रहते ही मिटाने के कुछ और सकारात्मक प्रयत्न करने होंगे। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि इस चुनाव परिणाम से वहां सक्रिय हिन्दू हित चिंतक समूहों की भी बेचैनी बढ़ी है, क्योंकि एक बार फिर वहां पर वही 'अब्दुल्ला' सरकार लौट रही है, जिसे जम्मू-कश्मीर के लिए हर मायने में अलग स्टेटस चाहिए। यानी धारा 370 की वापसी चाहिए। चूंकि कॉंग्रेस भी उसकी हां में हां मिला रही है, इसलिए केंद्र में सरकार बदलते ही उनकी जिद्द पूरी हो सकती है, हालांकि उनके लिए दिल्ली अभी दूर है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीटें जीतीं। जबकि, बीजेपी ने 29 सीटों पर कब्जा किया। वहीं, महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को सिर्फ 3 सीटें मिलीं। जबकि अन्य छोटी पार्टियों ने 10 सीटें हासिल कीं। यदि अलग अलग सीटों की बात की जाए तो नैशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। जबकि जेपीसी को 1, सीपीआई एम को 1, आम आदमी पार्टी को 1 और निर्दलीय को 7 सीटें मिली हैं।

### अर्ज किया है..!

*इज़हार पे भारी है*
*ख़मोशी का तकल्लुम*
*हर्फ़ों की ज़बाँ और है*
*आँखों की ज़बाँ और*

*- हनीफ़ अख़गर*




### सैर सपाटा

## करवाचौथ सेलिब्रेशन में नहीं रहेगी कोई कमी दिन यादगार बनाने के लिए इन जगहों पर जाएं

शारदीय नवरात्रि के खत्म होते ही त्योहारी सीजन शुरू हो जाता है। इस समय के बाद से एक के बाद एक त्योहार आता रहता है। अब बहुत जल्द महिलाओं का फेवरिट त्योहार करवाचौथ आने वाला है। इस मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। सुबह से शुरू होनो वाला ये उपवास रात को चांद देखने के बाद खोला जाता है। वैसे को घर की छतों सेचांद देखा चाता। इस दिन आप अपने पति के साथ किसी सुंदर जगह पर जा सकते हैं। जहां जाकर सेलिब्रेशन और भी खास बन जाएगा। देखिए, करवाचौथ पर पति के साथ जाने के लिए बेस्च प्लेस-



### 1) उदयपुर

करवाचौथ के लिए आर उदयपुर जाने की प्लानिंग कर सकचे हैं। भारत की सबसे रोमांटिक दगहों में एक है उदयपुर करवा चौथ सेलिब्रेशन के लिए अच्छी है। आप पिछोला झील पर नाव की सवारी कर सकते हैं और यहीं से चांद का नजारा देख के आप अपना व्रच खोल सकती हैं।

### 2) आगरा

करवा चौथ मनाने के लिए ताज महल बेस्ट है। आगरा में रह रहे कपल्स के लिए ये जगह अच्छी है। आप करवाचौथ री सुबह स्मारक पर जा सकती हैं। रात में भी चांद देखने के लिए इस जगह पर जाएं। हालांकि, आपको चाज महल के पास तो नहीं जाने देंगे।

### 3) मनाली

नेचर लवर लोगों को पार्टनर के साथ इस जगह पर जाना चाहिए। खूबसूरत घाटियों, नदियों और बर्फ से ढके पहाड़ों के साथ करवा चौथ सेलिब्रेशन को एंजॉय कर सकते हैं। यहां हिडिम्बा देवी मंदिर जाएं। पहाड़ों के नजारे को एंजॉय करते हुए करवाचौथ का उपवास खोलना वाकई में बेहतरीन आइडिया है।

### 4) केरल

केरल में कई जगह हैं जहां लोग करवा चौथ शांति से मना सकते हैं। आराम करते हुए एक हाउसबोट में एक खूबसूरत झील के बीच में चांद को देखकर उपवास खोले और यहां के टेस्टी खाने का स्वाद चखें।

Uttarpradesh

# बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान फायरिंग से कई इलाकों में आगजनी, तनाव

**बहराइच**। बहराइच में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान रविवार को माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। बहराइच के महसी में बवाल के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बहराइच में देर रात आसपास के गांवों और कस्बों में भी आगजनी की घटनाएं हुईं। महसी तहसील के महाराजगंज में भड़की उपद्रव के आग की आंच कई कस्बों तक पहुंची है। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने लोगों को समझाबुझा कर महराज गंज की प्रतिमाओं का सोमवार को सुबह 5:30 बजे विसर्जन करा दिया। अब स्थिति तनाव पूर्ण पर नियंत्रण में है।

विसर्जन जुलूस में शामिल युवक की गोली मारकर हत्या के बाद देर रात शहर के अस्पताल चौराहे पर सलून



शामे, कचहरी रोड व स्टीलगंज तालाब में दुकानों को आग के हवाले किया गया है। इसके अलावा फखरपुर व महसी इलाके के दूसरे क्षेत्रों में भी आगजनी व तोड़फोड़ की घटनाएं होने की सूचना है। उधर पुलिस ने आरोपित सलमान समेत 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या के विरोध में जिलेभर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कई घंटों तक रुका रहा। आधी रात बाद पुलिस व प्रशासन के जद्दोजहद के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इसके बाद प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया है।

बहराइच में रविवार को महसी के महाराजगंज में रविवार शाम लगभग चार बजे धार्मिक स्थल के सामने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा पर दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे बंद करने को कहा। इसके बाद कहासुनी व पथराव हो गया।

P. Bangal

## डॉक्टरों के अनशन के 10 दिन, दर्जनों इस्तीफे, आज से देशव्यापी हड़ताल... निशाने पर ममता सरकार




**नई दिल्ली. कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है. पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहे कई डॉक्टर पिछले 10 दिनों से हड़ताल कर रहे हैं. इस बीच पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों के संघ ने 14 अक्टूबर यानी आज से देशव्यारी हड़ताल की घोषणा की है.**

अखिल भारतीय चिकित्सा संघों के महासंघ (FAIMA) ने कहा है कि वह पश्चिम बंगाल में अपने सहकर्मियों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए 14 अक्टूबर से देशभर में वैकल्पिक चिकित्सा सेवाओं का बहिष्कार करेगा. जूनियर डॉक्टर करीब दो महीने पहले कोलकाता के सरकारी आर. जी.कर चिकित्सा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में न्याय सहित अन्य मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं.

पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कई डॉक्टर्स पिछले 10 दिनों से कोलकाता और सिलीगुड़ी शहर में 'आमरण अनशन' कर रहे हैं. इस दौरान आमरण अनशन पर बैठे तीन डॉक्टरों की हालत ज्यादा बिगड़ गई है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है. FAIMA के मुताबिक, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के करीब 50 वरिष्ठ डॉक्टरों और संकाय सदस्यों ने जूनियर डॉक्टरों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है.

New Delhi

## बम की धमकी के बाद एयर इंडिया के मुंबई-न्यूयॉर्क विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग; सभी सुरक्षित

**नई दिल्ली**। एयर इंडिया के विमान को बम की धमकी के बाद दिल्ली डायवर्ट किया गया है। न्यूयॉर्क जा रही इस फ्लाइट के सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम की धमकी के बाद सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और आगे की जांच जारी है। मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से भी बयान जारी किया गया। पुलिस के मुताबिक, एयर इंडिया के विमान को सुरक्षा कारणों से दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल आईजीआई एयरपोर्ट पर है और यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।




Jharkhand

## झारखंड में दलित समुदाय की दो नाबालिग लड़कियों से गैंगरेप, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**पलामू.** झारखंड के पलामू जिले में दुर्गा पूजा मेले से घर लौट रही दो नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को दी. यह घटना शुक्रवार को नौडीहा बाजार पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई, लेकिन रविवार शाम को प्रकाश में आई.

मामले में जानकारी देते हुए उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (छतरपुर) अवध यादव ने कहा कि दलित परिवार की दो लड़कियां शुक्रवार को सरायडीह में नौडीहा पूजा मेले से घर लौट रही थीं. इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और अपराध को अंजाम दिया. आरोपियों के चंगुल से किसी तरह छूटकर घर पहुंची लड़कियों ने परिवार के सदस्यों को अपनी आपबीती सुनाई.

उप-विभागीय पुलिस अधिकारी अवध यादव ने बताया कि अगले दो दिनों तक पंचायत स्तर पर



मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया. वहीं, इस संबंध में रविवार देर शाम शिकायत दर्ज कराई गई. एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और पीड़ितों को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है. नौडीहा बाजार थाने के प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.

खेल

# हरमनप्रीत ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी, टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय बनीं

**शारजाह, (एजेंसी)** महिला टी20 विश्व कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। रविवार को शारजाह में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतकीय पारी से भारत को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सकीं। हालांकि, वह अपने नाम कई रिकॉर्ड करने में कामयाब हुईं।

### महिला टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हरमनप्रीत कौर | 726* |
| मिताली राज | 726 |
| स्मृति मंधाना | 524 |
| जेमिमा रोड्रिग्स | 407 |
| पूनम राउत | 375 |

### हरमनप्रीत के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि

इस मैच में 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 47 गेंदों का सामना किया और छह चौके लगाए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां



अर्धशतक है। इसी के साथ वह महिला टी20 विश्व कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। अब तक उन्होंने महिला टी20 विश्व कप में 726 रन बनाए हैं। मंधाना 524 और जेमिमा 407 रनों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

### हरमनप्रीत ने की मंधाना और मिताली की बराबरी

मौजूदा टूर्नामेंट में यह दाएं हाथ की बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 52* रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत से पहले पिछले संस्करण में स्मृति मंधाना ने दो अर्धशतक लगाए थे। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने 2018 में दो अर्धशतक लगाए थे। महिला टी20 विश्व कप में हरमनप्रीत के पांच 50 से अधिक स्कोर भारत के लिए मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक हैं।

सिनेमा

## मल्लिका शेरावत का शॉकिंग दावा- मुझसे अटेंशन पाने के लिए सच में लड़ते थे अनिल कपूर और नाना पाटेकर



मल्लिका शेरावत विकी और विद्या का वो वाला वीडियो फिल्म के बाद फिर से लाइमलाइट में हैं। उनके कुछ नए-पुराने इंटरव्यूज चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि वेलकम फिल्म में अनिल कपूर और नाना पाटेकर रील नहीं बल्कि रियल में उनके अटेंशन के लिए झगड़ा करते थे।

रणवीर अलाहबादिया से बातचीत में मल्लिका शेरावत ने बताया, मुझे वेलकम की शूटिंग में बहुत मजा आया था, नाना और अनिल सच में मेरे लिए झगड़ा करते थे। वे मेरा अटेंशन पाने की कोशिश करते थे। सोचिए मैं कितना इम्पॉर्टेंट महसूस करती थी। वे बहुत अच्छे इंसान और एक एक्टर के तौर पर उनकी एनर्जी बहुत अच्छी है।

बीते दिनों मल्लिका शेरावत की एक क्लिप वायरल हुई थी। इसमें उन्होंने फिल्म का नाम लिए बिना बताया था कि वह दुबई में एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। उस वक्त फिल्म का हीरो रात में 12 बजे उनके बेडरूम का दरवाजा खटखटाता था। मल्लिका ने बताया था कि हीरो कमरे के अंदर आना चाहता था। मल्लिका ने फिल्म का नाम नहीं लिया था। हालांकि लोग गेस कर रहे थे कि वह वेलकम फिल्म की बात कर रही थीं।

## Highlights

1. **DRI busts illegal Mephedrone factory in MP, seize 112-kg narcotics**
2. **1 killed in clash during Goddess Durga idol immersion in UP**
3. **Idol at Goddess Muthyalamma temple vandalised in Hyderabad**
4. **Fire breaks out at Tulail Market in J&K's Bandipora**
5. **Lawrence Bishnoi's gang expanding like Dawood's network, has over 700 shooters**

# Travelers rejoice! Airline ticket prices dropped 20-25% this Diwali season: Report



**NEW DELHI, (Agency).** TThe average prices of airline tickets have fallen 20-25% this Diwali season compared to prices a year back, according to a PTI report which cited an Ixigo analysis and added that this is because of increased passenger-carrying capacity and a recent fall in oil prices.

What are some examples of flight ticket costs falling this Diwali season?

A point to note is these are a one-way average fare on a 30 days APD (advanced purchase date) basis, with the time period being from November 10-16 this year.

The highest decline recorded is 38% for a Bengaluru-Kolkata flight. It used to cost ₹10,195 last year, but is now just ₹6,319 this year.

Next comes Chennai-Kolkata, which fell 36% to ₹5,604 from ₹8,725 last year.

Then comes Mumbai-Delhi, which fell by 34% to ₹5,762 from ₹8,788 earlier.

The Delhi-Udaipur flight also dropped to ₹7,469 from ₹11,296.

There was a recorded decline of 32% on Delhi-Kolkata, Hyderabad-Delhi, and Delhi-Srinagar flights.

What caused the flight ticket prices to fall?

"Last year, airfares around Diwali had surged due to limited capacity, primarily driven by the suspension of Go First airline," the report quoted Ixigo Group CEO Aloke Bajpai as saying. "However, this year we've seen some relief as additional capacity has been added since then, leading to a 20-25% year-on-year dip in average airfares across key routes for the last week of October."

Oil prices dropping 15% this year also had a role to play in the ticket prices falling, he said, adding that this came primarily due to rising geopolitical tensions.

On which routes did air ticket prices rise?

The report also added that airfares rose 34% on the Ahmedabad-Delhi route to ₹8,758 from ₹6,533 and also on the Mumbai-Dehradun route to ₹15,527 from ₹11,710, according to the analysis.

# Certificate Programme in Design Thinking and Innovation from IITD: Design solutions for real-world needs

**NEW DELHI, (Agency).** In the world of global business, in the absence of a user-centred perspective, it is a challenge to implement creative and innovative approaches in design, technology and business. That's where Design Thinking comes in. Design Thinking is a human-centred and step-by-step approach to problem-solving, crucial for creating innovative solutions in business, organisations and society. With the integration of Generative AI, it now offers advanced idea generation, increased creativity and quicker prototyping, allowing for rapid creation of design variations and strengthening the design process overall.




Indian Institute of Technology Delhi's course titled Certificate Programme in Design Thinking and Innovation is a 5-month online course that introduces the basics of Design Thinking, with added insights into Generative AI. Industry data too reflects the importance of this sunrise sector. The global Design Thinking market was valued at approximately USD 6.9 billion in 2021 and is projected to reach around USD 14.9 billion by 2032, growing at a compound annual growth rate (CAGR) of 7.25%, as per Business Research Insights.

Taught by IIT Delhi's top faculty and industry experts, the programme explores the latest Design Thinking tools and techniques, methods and models. Some key modules of the programme include Identifying User Needs, Iterative Design & Sustainability, Minimum Value Product & New Product Development, Agile Design and Data-driven Innovation and Innovation Management Tools, Innovation Strategies, Design for Entrepreneurship.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी
समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक